पंजीकृत

अभियोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश,
लक्ष्मी काम्पलेक्स, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रॉक:एक–दो–136–99(143)/6177/2001 लखनऊ:दिनॉक:अगस्त 27 2001

श्री अशोक कुमार यादव
पुत्र श्री देवी प्रसाद यादव
प्रशासन–I अनुभाग
रक्षा लेखा मुख्य नियंत्रक (पेंशन) कार्यालय
द्रौपदी घाट, इलाहाबाद 211014

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निर्देश हुआ है कि उत्तर प्रदेश शासन के गृह (पुलिस) अनुभाग–9 के कार्यालय ज्ञाप संख्या:–1372/छ–पु0–9–2001–31(59)/99 दिनांकित–2 अगस्त, 2001 के द्वारा आपको सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है ।

2– आपको डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ दिनांक 10.9.2001 के अपरान्ह में अवश्य कार्यभार ग्रहण करना है । नवचयनित सभी सहायक अभियोजन अधिकारियों को एक ही बैच में दिनांक 10.9.2001 से प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित किया गया है । यदि उक्त तिथि तक आप कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं और न ही आपसे समय बढ़ाने के लिए ठोस कारण दर्शाते हुए कोई प्रार्थना–पत्र उक्त अवधि के अन्दर प्राप्त नहीं होता है तो उक्त तिथि के बाद से आपका अभ्यर्थन स्वयमेव समाप्त हो जायेगा ।

3– डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में प्रशिक्षण हेतु कार्यभार ग्रहण करने हेतु कोई यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा ।

4– आपको डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में निम्न प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होगें :–

(1) ओथ आफ एलिजियन्स सबंधी प्रमाण–पत्र ।
(2) गोपनीयता संबंधी प्रमाण–पत्र ।
(3) चल,अचल सम्पत्ति का प्रमाण–पत्र ।
(4) विवाहित होने की दशा मे एक पत्नी/पति होने का प्रमाण–पत्र ।

Self attested
(ASHOK KUMAR YADAV-IV)

5– दिनांक 10.9.2001 से डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में आपका 6 माह का बेसिक प्रशिक्षण प्रारम्भ होगा, जिसके लिए कृपया आप 2 नेकर (सफेद), 2 टीशर्ट कालरदार (सफेद), 2 पैंट (सफेद), 2 सफेद कमीज, एक काली टाई, एक जोड़ी ब्लैक शूज व एक जोड़ी

पी0टी0 शूज़ सफेद, 2 जोडी सफेद मोजे व बिस्तर व कम से कम रूपया 2,500/- की धनराशि मेस एडवान्स हेतु व अन्य खर्चो हेतु अलग से लेकर आयें ।

6— डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में 6 माह का प्रशिक्षण समाप्त होने पर आपका आगामी प्रशिक्षण निम्नानुसार होगा —

(1) एक माह का प्रशिक्षण, न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ ।

(2) एक माह का प्रशिक्षण न्यायालयों में किसी जनपद में ।

(3) एक माह का प्रशिक्षण थाना में किसी भी जनपद में ।

3/5/18

(ए0डी0 मिश्र)
अपर निदेशक अभियोजन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

<u>प्रतिलिपि</u>

प्रधानाचार्य, डा0 भीम राव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद को नवचयनित सहायक अभियोजन अधिकारियों की सूची के साथ जिनको यह पत्र निर्गत किया गया है । कृपया अनुरोध है कि निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित करें —

(क) कार्यभार ग्रहण करने हेतु आने वाले नवचयनित सहायक अभियोजन अधिकारियों के आगमन पर उनके समुचित मार्गदर्शन की व्यवस्था ।

(ख) जो नव चयनित सहायक अभियोजन अधिकारी दिनांक तक कार्यभार ग्रहण करते है, उनकी सूची तथा उनके द्वारा प्रस्तुत अभिलेख मूल रूप में तथा जो उक्त तिथि तक कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, उनकी सूची अलग—अलग से दो प्रतियों में भेजने का कष्ट करें ।

Self attested
(ASHOK KUMAR YADAV-IX)

(ए0डी0 मिश्र)
अपर निदेशक अभियोजन,
उ0प्र0, लखनऊ ।